संत थॉमस स्कूल धुर्वा (राँची)

कक्षा - 3 　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　विषय - हिंदी

पाठ 8 (एक बूँद)

मॉडल उत्तर

शब्दार्थ :-

जी - मन
कढ़ी - निकली
बदा - लिखा
चू पड़ना - टपक पड़ना
झिझकना - सकुचाना
आह - पछताने का भाव
देव - भगवान
अंगारा - जलता हुआ कोयला
अनमनी - बिना इच्छा के

अभ्यास :-

प्रश्न 1)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क) बूँद का घर कौन - सा होता है ?
उत्तर - बूँद का घर बादल होता है।

ख) समुद्र में किसका मुँह खुला था?
उत्तर- समुद्र में सीप का मुँह खुला था।

ग) बादलों से निकलकर बूँद क्या पछतावा कर रही थी ?
उत्तर - बादलों से निकलकर बूँद यह पछतावा कर रही थी कि मैं क्यों अपने घर से निकली? अब पता नहीं मेरे भाग्य में क्या लिखा है?

घ) बूँद के मन में आने वाले कोई दो विचार लिखें।
उत्तर - जब बूँद बादलों को छोड़कर बाहर निकली तो उसके मन में कई तरह के विचार आने लगे जैसे वह सोचने लगी कि पता नहीं अब मैं बचूँगी या फिर धूल में गिरकर उसी में मिल जाऊँगी या फिर किसी कमल के फूल में टपक पड़ूँगी।

ङ) समुंदर में वह किस में जाकर गिर गई और क्या बन गई ?
उत्तर- समंदर में एक सीप का मुँह खुला था वह बूँद सीप के खुले हुए मुँह में गिर गई और मोती बन गई।

प्रश्न 2) सही अर्थ के सामने सही का निशान लगाइए -
उत्तर- क) हाय ! मैं अपने घर को छोड़कर बाहर क्यों निकली ?
ख) वे बूँद की तरह कुछ और ही बन जाते हैं।

प्रश्न **3** कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए**:-**

क) ज्यों निकलकर बादलों की गोद से,
थी अभी एक बूँद कुछ आगे बढ़ी,
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी,
आह!क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी। ।

ख) लोग यों ही है झिझकते सोचते,
जबकि उनको छोडना पड़ता है घर ।
किंतु घर को छोड़ना अक्सर उन्हें ,
बूँद लौ कुछ और ही देता है कर।।

पाठ - 4 (संज्ञा)

प्रश्न 1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए **:-**

उत्तर क) किसी व्यक्ति,वस्तु, स्थान तथा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे -अमर, अखबार, घर, सुख आदि।

उत्तर ख) बचपन में भाववाचक संज्ञा है।

उत्तर ग) जिन शब्दों से किसी एक जाति या वर्ग के लोगों, वस्तु या स्थानों का पता चलता है तो उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - बहन, फूल, नदी, पर्वत आदि।

प्रश्न **2)** कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्द सुनकर सही स्थान पर लिखिए**-**

व्यक्ति	स्थान	वस्तु	भाव
आयुष	पंजाब	किताब	प्रेम
रमा	मध्य प्रदेश	दूध	मेहनत
मनोज	दिल्ली	कुर्सी	लालच
	विद्यालय	चावल	घृणा
	आगरा	कलम	सत्य
	रांची	कमल	

प्रश्न **3)** उचित संज्ञा शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरिए **:-**

उत्तर -क) मेरे घर के चारों पर्वत हैं।
ख) रमा रसोई घर में काम कर रही है।
ग) सोहन और मोहन बगीचे में खेल रहे हैं।
घ) सुबह आकाश में सूरज निकलता है।
ङ) जलेबी में बहुत मिठास होती है
च) बच्चे कमरे में बैठे हैं।

प्रश्न 4) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए-

क) पिताजी बाजार जा रहे हैं।

ख) हरियाली देख कर मन प्रसन्न हो जाता है।

ग) माँ रामायण पढ़ रही है।

घ) तालाब में कमल खिला है।

प्रश्न 6) सही या गलत का चिन्ह लगाइए-

क) अमिताभ बच्चन विशेष व्यक्ति का उदाहरण है। (सही)

ख) पशु-पक्षी कीट -पतंगे स्थान के नाम हैं। (गलत)

ग) मीठा भाव का नाम है। (सही)

घ) गुड़िया वस्तु का नाम है । (सही

ङ) समीर एक स्थान का नाम है। (गलत)

प्रश्न 7) सही जोड़े मिलाइए :-

उत्तर - लड़की - प्राणी

कुर्सी - वस्तु

हँसी - भाव

स्कूल - स्थान

अनुच्छेद

वर्षा ऋतु

हमारे देश में मुख्य रूप से तीन ऋतुएँ हैं -सर्दी ,गर्मी और वर्षा ऋतु।इन तीनों ऋतुओं में से फसलों और पेड़ों के लिए सबसे महत्वपूर्ण ऋतु वर्षा का होता है। वर्षा के मौसम में हर तरफ हरियाली हो जाती है। पेड़- पौधों में नई पत्तियाँ निकल आती है। हर तरफ खुशी का माहौल होता है।वर्षा ऋतु में सबसे ज्यादा किसान खुश होते हैं। इस मौसम में आने वाले फसलों की सिंचाई नहीं करनी पड़ती है। किंतु कभी-कभी बारिश का मौसम बहुत भयानक हो जाता है ।अधिक बारिश होने के कारण बहुत ज्यादा जलजमाव हो जाता है और जगह - जगह पर बाढ़ आ जाता है। बाढ़ के कारण फसल की बर्बादी होती है और कई गाँव डूब ही जाते हैं। तेज बारिश के कारण यातायात में भी असुविधा का सामना करना पड़ जाता है। वर्षा ऋतु में रोगों के संक्रमण की संभावना अधिक हो जाती है और लोग अधिक बीमार पड़ते हैं ।इसलिए इस ऋतु में लोगों को सावधानी से रहना चाहिए और बारिश का आनंद उठाना चाहिए। जहाँ तक हो सके बारिश के पानी को संचित करने का उपाय ढूँढना चाहिए।

---×××--
--